



# वॉर 2 में कजरा रे और धूम 3 की म्यूज़िक स्ट्रैटेजी

बॉलीवुड फिल्मकार आदित्य चोपड़ा अपनी आने वाली फिल्म वॉर 2 के लिए कजरा रे और कमली गाने की म्यूज़िक रणनीति वापस ला रहे हैं. आदित्य चोपड़ा पिछले 30 वर्षों से भारत की सबसे बड़ी फिल्मों को एक अनोखे अंदाज़ में पेश करने के लिए जाने जाते हैं और अब वॉर 2 के लिए वे कजरा रे और कमली गाने की म्यूज़िक रणनीति वापस ला रहे हैं. यशराज फिल्म्स इस बार वॉर 2 में ऋतिक रोशन और एनटीआर के बहुप्रतीक्षित डांस-ऑफ गाने की सिर्फ एक झलक रिलीज़ करेगा, जबकि पूरा गाना केवल थिएटर में बड़े पर्दे पर ही देखा जा सकेगा जब लोग 14 अगस्त से वॉर 2 देखने पहुंचेंगे. इस गाने की झलक इस हफ्ते रिलीज़ की जाएगी.

एक ट्रेड सूत्र के अनुसार, वॉर 2 , 2025 की सबसे बड़ी टेंटपोल फिल्म है और इस फिल्म से जुड़ी हर चीज़ को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्सुकता है. सबकी नजरें ऋतिक और एनटीआर के डांस नंबर पर टिकी हैं और आदित्य चोपड़ा यह जानते हैं. वे इस गाने के प्रति लोगों की उत्सुकता और भूख को रिलीज़ तक बनाए रखना चाहते हैं, न कि पूरा गाना ऑनलाइन मुफ्त में दे देना. वे चाहते हैं कि लोग थिएटर आएं और ऋतिक-एनटीआर को साथ डांस करते बड़े पर्दे पर देखें, जैसा कि इसे देखने का सही तरीका है.

यह क्लासिक आदित्य चोपड़ा की रणनीति है. उन्होंने बंटी और बबली के कजरा रे गाने को रिलीज़ से पहले छुपाकर रखा था और जब वह थिएटर में चला तो लोग दीवाने हो गए. धूम 3 में भी उन्होंने सभी गानों को बंद रखा और कमली जैसे गानों पर थिएटर में दर्शक झूम उठे थे. अब उन्हें ऋतिक- एनटीआर के इस गाने में सोना हाथ लगा है और वे इसे ऐसे ही नहीं देंगे. वे चाहते हैं कि लोग इसे देखने के लिए थिएटर आएं, और बार-बार लौटकर आएं क्योंकि यह गाना इंटरनेट पर उपलब्ध नहीं होगा.

# 'अंधेरा' का 14 अगस्त को होगा प्रीमियर



**सुपरनैचुरल** हॉरर सीरीज़ 'अंधेरा' 14 अगस्त से सिर्फ़ प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी. प्राइम वीडियो ने एक्सेल एंटरटेनमेंट के साथ मिलकर अपनी नई सुपरनैचुरल हॉरर सीरीज़ 'अंधेरा' की ग्लोबल प्रीमियर डेट की घोषणा कर दी है. यह सीरीज़ 14 अगस्त से सिर्फ़ प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी. इसमें प्रिय बापट, करणवीर मल्होत्रा, प्राजक्ता कोली और सुरवीन चावला मुख्य भूमिकाओं में हैं. साथ ही वत्सल सेठ, पर्वीन डबास और प्रणय पचौरी भी अहम किरदार निभाते नज़र आएंगे.

सीरीज 'अंधेरा' को रितेश सिधवानी, फरहान अख्तर, कासिम जगमगिया, मोहित शाह और करण अंशुमन ने एक्सेल एंटरटेनमेंट के बैनर तले प्रोड्यूस किया है, जबकि विशाल रामचंदानी एसोसिएट प्रोड्यूसर हैं. इस आठ-एपिसोड की रोमांचक ड्रामा सीरीज़ को गौरव देसाई, राघव दार, चिंतन सरदा और करण अंशुमन ने लिखा है, और इसका निर्देशन राघव दार ने किया है. यह शो इन्वेस्टिगेटिव ड्रामा और सुपरनैचुरल हॉरर का दमदार मेल है, जो दर्शकों को एक अलग ही विजुअल अनुभव देगा.

# कलाकारों ने रक्षाबंधन की तैयारियों के बारे में की बात

रक्षाबंधन सिर्फ एक रस्म नहीं, बल्कि भाई-बहन के अनमोल रिश्ते का जश्न है. कलाकारों ने अपने भाई-बहन के साथ इस दिन को खास और यादगार बनाने की तैयारियों के बारे में बात की. इन कलाकारों में शामिल हैं - प्रियंवदा कांत ('घरवाली पेड़वाली' की लतिका), हिमानी शिवपुरी ('हप्पू की उलटन पलटन' की कटोरी अम्मा) और विदिशा श्रीवास्तव ('भाबीजी घर पर हैं' की अनीता भाबी). प्रियंवदा कांत, जो आगामी शो 'घरवाली पेड़वाली' में लतिका की भूमिका निभा रही हैं, ने अपने रक्षाबंधन के अनुभव साझा करते हुए कहा, ''अपने मां-पापा की एकलौती संतान होने के नाते, रक्षाबंधन हमेशा वो त्योहार रहा है जिसे मैं बचपन से मनाने की ख्वाहिश रखती थी.



हिमानी शिवपुरी, जो 'हप्पू की उलटन पलटन' में कटोरी अम्मा की भूमिका निभा रही हैं, ने कहा, ''रक्षाबंधन हमेशा से मेरे दिल के बेहद करीब रहा है. मेरा भाई हिमांशु मेरी सबसे बड़ी ताकत और सहारा रहा है. आज भी, चाहे वह कितना भी व्यस्त क्यों न हो, वह राखी पर जरूर आता है ताकि हम साथ मिलकर त्योहार मना सकें. मेरे लिए वह सिर्फ भाई नहीं, पिता के समान हैं- हर मोड़ पर मेरा मार्गदर्शन करने वाले, मेरी जिंदगी के हर उतार-चढ़ाव में मेरे साथ खड़े रहने वाले. इस साल भी वह रक्षाबंधन पर आ रहा है और मैं बहुत खुश हूं. हम अपने पारिवारिक रीति-रिवाजों को निभाएंगे, स्वादिष्ट भोजन करेंगे और पुराने दिनों की उन हँसी-ठिठोली को फिर से जिएंगे. मैं हमेशा कहती हूं कि उम्र चाहे जितनी भी हो जाए, भाई को राखी बांधने की खुशी कभी कम नहीं होती. सभी को रक्षाबंधन की ढेर सारी शुभकामनाएं!

विदिशा श्रीवास्तव, जो 'भाबीजी घर पर हैं' में अनीता भाबी की भूमिका निभा रही हैं, ने कहा, ''रक्षाबंधन मेरे दिल के बेहद करीब है. मेरे भाई गौरव और मेरे बीच हंसी-मजाक, शरारतों और गहरे स्नेह से भरा एक खूबसूरत रिश्ता है. इस साल मैंने तय किया है कि मैं इस दिन को उसके लिए और भी खास बनाऊंगी.

# अप्सरा के सपनों को पंख देंगे शिल्पा और परितोष त्रिपाठी



शिल्पा शेट्टी और परितोष त्रिपाठी, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के शो सुपर डांसर चैप्टर 5 की कंटेस्टेंट अप्सरा की पढ़ाई में मदद करेगे. सुपर डांसर चैप्टर 5 अपने शानदार डांस परफॉर्मेंस और दिल को छू लेने वाली कहानियों से लगातार दर्शकों का दिल जीत रहा है. इस सीज़न में मां और बच्चों के खूबसूरत रिश्ते को सेलिब्रेट किया जा रहा है, लेकिन आने वाला एपिसोड इसे एक कदम और आगे ले जाएगा. इस बार कंटेस्टेंट्स के पापा मंच पर मौजूद रहेंगे, ताकि वे अपने बच्चों को इस बड़े मंच पर चमकते हुए देख सकें.

कंटेस्टेंट अप्सरा के परफॉर्मेंस के दौरान शो का सबसे भावुक पल सामने आया. उनका डांस अपने पापा को समर्पित था, जो एक मेहनती रिक्शा चालक हैं और सुबह से रात तक परिवार के लिए मेहनत करते हैं. अपने काम की व्यस्तता के कारण अप्सरा के पापा को अक्सर उसे लाइव डांस करते देखने का मौका नहीं मिलता, इसलिए यह पल और भी खास हो गया. मंच पर बेटी को इतनी लगन और जुनून से डांस करते देख उनके आंखों में आंसू आ गए, जिसने वहां मौजूद हर किसी का दिल छू लिया.

अप्सरा के परफॉर्मेंस के बाद जब अप्सरा के पापा ने अपने सीमित आय और उनकी डांस ट्रेनिंग के खर्च को पूरा करने में आने वाली मुश्किलों के बारे में बताया, तो होस्ट परितोष त्रिपाठी उर्फ मामा जी तुरंत मदद के लिए आगे आए. दिल छू लेने वाले अंदाज में उन्होंने कहा, एक पूरे साल की फीस हमारी तरफ से और वादा किया कि वे अप्सरा की ट्रेनिंग का पूरा खर्च एक साल तक खुद उठाएंगे. परितोष त्रिपाठी की इस दरियादिली से प्रभावित होकर शिल्पा शेट्टी भी आगे आईं, उन्होंने कहा, आपने मुझे भी इंस्पायर कर दिया. एक से भले दो. आपने एक साल का किया, तो मैं दसवीं तक करूंगी. अप्सरा जो पढ़ाई करना चाहती है, उसकी ज़िम्मेदारी मेरी.




# सोनी सब पर 18 अगस्त से शुरू होगा 'इत्ती सी खुशी

सोनी सब का नया शो 'इत्ती सी खुशी'18 अगस्त से शुरू होगा.

सोनी सब, अपने नए शो 'इत्ती सी खुशी' को लॉन्च करने के लिए पूरी तरह तैयार है. मुंबई की पृष्ठभूमि पर आधारित यह शो 21 वर्षीय अन्विता की कहानी है, जो छह भाई-बहनों में सबसे बड़ी है और अपने टूटते परिवार की अनपेक्षित आधारशिला बन जाती है.शराब की लत से जूझते पिता और परिवार छोड़ चुकी मां के बीच, अन्विता अपने परिवार को संभालने वाली डोर बन जाती है. वह अपनी पढ़ाई और सपनों की बलि देकर उनके बेहतर भविष्य के लिए संघर्ष करती है.

आगे की कहानी रोजमर्रा के संघर्ष, मौन त्याग और प्रेम व धैर्य की जीत को हास्य और कोमल भावनाओं के साथ प्रस्तुत करती है. वरुण बडोला छह साल बाद टीवी पर वापसी कर रहे हैं और शो में विकृत पिता सुहास का किरदार निभा रहे हैं. सुम्बुल तौकीर उनकी बेटी अन्विता और रजत वर्मा उनके प्रेमी विराट की भूमिका में नजर आएंगे. राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक राजेश मापुस्कर भी शो के क्रिएटिव पक्ष से जुड़े हैं.

रोज़ ऑडियो विज़ुअल्स द्वारा निर्मित इत्ती सी खुशी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसित सीरीज़ 'शेमलेस' का भारतीय रूपांतरण है, जिसे मूल रूप से कंपनी पिक्चर्स और यूके लेखक पॉल एबट ने विकसित किया था, और ऑल3मीडिया इंटरनेशनल के सहयोग से तैयार किया गया था. यह शो यूके के चैनल 4 पर एक कल्ट फेवरेट बन गया था और बाफ्टा टीवी अवॉर्ड्स में बेस्ट ड्रामा सीरीज़ सहित कई पुरस्कार जीते थे.

इसके अमेरिकी संस्करण ने भी कई प्राइमटाइम एमी नामांकन प्राप्त किए और चार पुरस्कार जीते. ब्रिटेन और अमेरिका में बने दोनों ही रूपांतरणों में इसके कलाकार बेजोड़ और प्रतिभाशाली रहे हैं.

# 20 साल बाद थिएटर्स में लौटेगी परिणीता की कहानी



**आज** के दौर में सिनेमा जगत में फिल्मों के री-रिलीज का चलन तेजी से आगे बढ़ रहा है. इस साल हॉरर थ्रिलर तुम्बाड और सनम तेरी कसम ने जिस तरह से री-रिलीज में बंपर कमाई की है, उसके आधार पर री-रिलीज के ट्रेंड को और अधिक बढ़ावा मिला है.साल 2005 में अभिनेत्री विद्या बालन की फिल्म फिल्म %परिणीता% रिलीज हुई थी. अब निर्माताओं ने फिल्म का नया ट्रेलर दोबारा रिलीज करके प्रशंसकों को चौंका दिया है. इस बार यह फिल्म दर्शकों को शानदार अनुभव दे सकती है. विद्या बालन ने अपने बॉलीवुड करियर की शुरुआत साल 2005 से की थी और उनकी पहली फिल्म का नाम था परिणीता. अब यह फिल्म दोबारा थिएटर्स में रिलीज होगी, जिसका ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है.

इस ट्रेलर में एक बार फिर से सैफ अली खान और विद्या बालन का रोमांटिक अंदाज देखने को मिल रहा है. साथ ही ट्रेलर की क्वालिटी दर्शकों को बेहद पसंद आ रही है. इसके अलावा %पिया बोले% सॉन्ग क्लासिक मूवी का एहसास करा रहा है. विद्या बालन अभिनीत परिणीता फिल्म सिनेमाघरों में 29 अगस्त को दोबारा रिलीज होगी.

# 90 के दशक की फैशन की फैन हैं राशा थडानी



फिल्म आजाद से बॉलीवुड में अपनी शुरुआत करने वाली राशा थडानी अपनी मां रवीना टंडन की लीगेसी को आगे बढ़ा रही हैं. फिल्म भले ही अच्छा न कर पाई हो, लेकिन राशा ने अपनी पहचान बना ली है. अब राशा ने अपनी फैशन को लेकर बात की है. साथ ही उन्होंने अपनी जेन-जी जेनेरेशन को लेकर भी बात की और बताया कि हमारी पीढ़ी की ताकत है कि हम डरते नहीं.अपनी जेनेरशन को लेकर राशा का मानना है कि जेन-जी का हिस्सा होने से उन्हें व्यक्तित्व की ताकत सीखने में मदद मिली है. उन्होंने कहा कि हमारी पीढ़ी की ताकत यह है कि हम जैसे भी हैं, उससे डरते नहीं हैं. हर कोई अपन आप में कुछ न कुछ है और यह अपने आप में एक बयान बन जाता है. हमारी यह पीढ़ी कहीं न कहीं फैशन ट्रेंड के दबाव से ऊपर उठ चुकी है.





# मैसेज भेजकर ठगी करना नहीं होगा आसान

व्हाट्सऐप ने कुछ नए फीचर्स रोल आउट किए हैं, जो यूजर्स को स्कैम से बचाने में मदद करेंगे. आजकल कई तरह के स्कैम चल रहे हैं. लोकप्रिय इंस्टेंट मैसेजिंग ऐप व्हाट्सऐप के जरिए भी स्कैमर्स लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं. इस पर रोक लगाने के लिए मेटा के स्वामित्व वाला इंस्टेंट मैसेजिंग प्लेटफॉर्म, यूजर्स को मैसेजिंग के दौरान स्कैम को पहचानने और सुरक्षित रहने के लिए कुछ नए टूल्स लेकर आया है. मोटा के ब्लॉग पोस्ट के अनुसार, व्हाट्सऐप ने दुनियाभर में क्रिमिनल स्कैम सेंटर से लिंक 6.8 मिलियन (60 लाख 80 हजार) अकाउंट्स को बंद कर दिया है.

**रोक लगाने के लिए पेश किए ये टूल्स-** व्हाट्सऐप ने इंडिविजुअल चैट के साथ-साथ ग्रुप चैट में भी स्कैम मैसेज का पता लगाने के लिए नए फीचर्स पेश किए हैं. ब्लॉग पोस्ट के अनुसार, ग्रुप चैट के लिए व्हाट्सऐप ने सेफ्टी ओवरव्यू फीचर पेश किया है. यह फीचर यूजर को बताएगा कि किसी अनजान व्यक्ति ने उसको ग्रुप में जोड़ा है. आपको ग्रुप को एक ओवरव्यू मिलेगा, जिसमें ग्रुप की जानकारी के साथ-साथ सुरक्षित रहने के लिए टिप्स भी होंगी. इसका मतलब है कि अब यूजर्स यह देख पाएंगे कि ग्रुप में जोड़ने वाला व्यक्ति उनकी कॉन्टैक्ट लिस्ट में है या नहीं. साथ ही, यह भी देख पाएंगे कि ग्रुप का कोई भी सदस्य आपकी कॉन्टैक्ट लिस्ट में है या नहीं. इतना ही नहीं, अगर आप ग्रुप को पहचानने के लिए उसके बारे में और भी जानना चाहते हैं तो आप चैट के ऑप्शन पर क्लिक करके ग्रुप की चैट देख सकते हैं. चैट से आने वाली नोटिफिकेशन तब तक म्यूट रहेंगी, जब तक आप यह नहीं बता देते कि आप ग्रुप में बने रहना चाहते हैं.

**चैट्स में मिलेगी यह सुविधा-** व्हाट्सऐप का कहना है कि स्कैमर्स व्हाट्सऐप जैसी सर्विस पर मैसेज करने से पहले कहीं ओर लोगों से बातचीत शुरू करने की कोशिश करते हैं. इससे बचने के लिए ऐप लोगों को किसी ऐसे व्यक्ति से बातचीत शुरू करने से पहले सचेत करने के नए तरीकों की टेस्टिंग कर रहा है.

# पृथ्वी की तरफ बढ़ रहा धूमकेतू एक एलियन शिप...

हाल ही में xl/एटलस नाम की एक रहस्यमय चीज अंतरिक्ष में खोजी गई है. xl/एटलस नाम का यह ऑब्जेक्ट तेजी से धरती की ओर आ रहा है. इस पर कई तरह के दावे हैं, जिसमें सबसे दिलचस्प यह है कि xl/एटलस एलियंस का विमान हो सकता है, जो पृथ्वी पर हमला करने आ रहा है. इसके एलियन शिप होने का दावा हार्वर्ड के वैज्ञानिक एवी लोएब ने किया है. लोएब का कहना है कि यह कोई धूमकेतु नहीं बल्कि एलियंस की हमले की चालबाजी है. लोएब का कहना है कि एलियन इससे हम पर नजर रख रहे हैं, जो मानवता के लिए खतरा हो सकता है.

एवी लोएब मौजूदा समय में खगोल भौतिकी के प्रसिद्ध और विवादास्पद विशेषज्ञों में से एक हैं. वह हार्वर्ड विश्वविद्यालय में प्रोफेसर और हार्वर्ड स्मिथसोनियन सेंटर फॉर एस्ट्रोफिजिक्स संस्थान के निदेशक हैं. लोएब गैलीलियो परियोजना का भी नेतृत्व करते हैं, जो पृथ्वी के निकट अलौकिक तकनीक के वैज्ञानिक प्रमाणों की



जासूसी तकनीक का एक नमूना है. उनके दावे से दुनियाभर के खगोलविदों में एक नई बहस शुरू हुई है.

xl/एटलस अंतरिक्ष में 2,10,000 किमी/घंटा की रफ्तार से दौड़ रही है. 24 किमी चौड़े चमकदार गैसीय आवरण वाली यह वस्तु हमारे सौर मंडल से भी अरबों वर्ष पुरानी मानी जाती है. कई शोधकर्ता इसे एक असामान्य रूप से प्राचीन धूमकेतु मान रहे हैं. वहीं हार्वर्ड के खगोलशास्त्री एवी लोएब का मानना है कि यह एलियन की पृथ्वी पर खोज करती है. इजरायल में जन्मे लोएब ने 24 वर्ष की उम्र में यरुशलम के हिब्रू विश्वविद्यालय से भौतिकी में पीएचडी की थी. इसके बाद वेह प्रिंसटन स्थित इंस्टीट्यूट फॉर एडवांस्ड स्टडी के दीर्घकालिक सदस्य बने और 131 के एच-इंडेक्स के साथ 1,000 से अधिक वैज्ञानिक पत्रों में योगदान कर चुके हैं. उन्होंने लिखी किताबों में एक्स्ट्राटेरेस्ट्रियल और इंटरस्टेलर शामिल हैं, जो ब्रह्मांड में परग्रही जीवन और मानवता के स्थान की संभावना का पता लगाती हैं.

# मिस्र में मिली रहस्यमय प्राचीन किताब




**मिस्र** के पुरातत्वविदों ने 3,500 साल पुराना एक कब्रिस्तान खोजा है. इसमें उनको कई ममी, मूर्तियां और दूसरी महत्वपूर्ण चीजें मिली हैं. इस खोज में सबसे खास बुक ऑफ द डेड यानी मृतकों की पुस्तक की प्रति है. यह एक 43 फीट लंबे पपीरस स्क्रॉल पर लिखी गई है. यह एक दुर्लभ और महत्वपूर्ण खोज है. इसे प्राचीन मिस्र के ग्रंथों का संग्रह माना जाता है. इसे जीवन और आत्मा के मार्गदर्शन से जोड़ा जाता है.

लाइव साइंस के मुताबिक, इस खोज के बाद कहा जा रहा है कि प्राचीन मिस्रवासी निश्चित रूप से जानते थे कि दफनाने की विधि क्या होती है. इसमें मृतक के अंगों को रखने के लिए कैनोपिक जार और बुक ऑफ द डेड से स्क्रॉल शामिल होते थे. ये इसलिए होता था ताकि मृतक को परलोक में आगे बढ़ने में मदद मिल सके.

मध्य मिस्र में खोजे गए 3,500 साल पुराना ये कब्रिस्तान ममियों, ताबीजों, मूर्तियों, कैनोपिक जार और 43 फुट लंबे पपीरस स्क्रॉल से भरा है. यह स्क्रॉल अल-गुरैफा क्षेत्र में पाया गया पहला पूर्ण पपीरस है. खास बात ये है कि यह काफी अच्छी स्थिति में होने की विशेषता है. मिस्र की सर्वोच्च पुरावशेष परिषद के महासचिव मुस्तफा वजीरी ने इसकी जानकारी दी है.

वजीरी का कहना है कि यह कब्रिस्तान 1550 ईसा पूर्व से 1070 ईसा पूर्व के बीच का है. यह अपनी पुरातात्विक खोजों के लिए जाना जाता था लेकिन बुक ऑफ द डेड की प्रति की खोज ने विशेषज्ञों का ध्यान खींचा है. इस पुस्तक को 43 से 49 फीट लंबा माना जाता है.

# 200 एमपी कैमरे वाले एक और फोन की होने जा रही है एंट्री



**साउथ** कोरिया की दिग्गज कंपनी सैमसंग ने अपने अल्ट्रा स्मार्टफोन से 200 एमपी कैमरे की शुरुआत की थी. इसके बाद कई सारी कंपनियों इस ट्रेंड को फॉलो किया. अब बहुत जल्द मार्केट में एक नया फोन 200 एमपी कैमरे के साथ एंट्री कर सकता है. यह स्मार्टफोन चीन की दिग्गज कंपनी ओप्पो की तरफ से पेश किया जा सकता है. ओप्पो का यह स्मार्टफोन आने वाले दिनों में सैमसंग की टेंशन बढ़ा सकता है. आइए आपको इस स्मार्टफोन की डिटेल जानकारी देते हैं.

ओप्पो के पास अपने स्मार्टफोन फैंस के लिए पोर्टफोलयो में एक से बढ़कर एक फोन मौजूद हैं. ओप्पो अब अपने पोर्टफोलियो में एक नया स्मार्टफोन पेश कर सकता है जो कि Reno सीरीज का हिस्सा होगा. इस स्मार्टफोन का नाम ओपो रेनो 15 प्रो हो सकता है. लीक्स की मानें तो यह स्मार्टफोन 200 मेगापिक्सल कैमरे के साथ आ सकता है.

**ओपो रेनो 15 प्रो में मिलेगा धांसू कैमरा-** ओपो रेनो 15 प्रो फोटोग्राफी डिपॉर्टमेंट में एक बड़ा धमाका कर सकता है. इस स्मार्टफोन में 200 मेगापिक्सल के अतिरिक्त एक पेरिस्कोप कैमरा भी होगा जिसमें 50 मेगापिक्सल का सेंसर दिया जा सकता है. इसके अलावा इसमें 50 मेगापिक्सल का अल्ट्रा वाइड कैमरा भी हो सकता है. यह स्मार्टफोन मार्केट में मौजूद ओपो रेनो 14 प्रो का सक्सेसर होगा.

**ओपो रेनो 15 प्रो के संभावित फीचर्स-** फिलहाल ओपो रेनो 15 प्रो की लॉन्चिंग को लेकर कोई फिक्स जानकारी सामने नहीं आई है लेकिन लीक्स के मुताबिक इस साल के अंत तक यह बाजार में दस्तक दे सकता है. परफॉर्मेंस की बात करें तो इसमें मीडियाटेक का डाइमेनसिटी सीरीज 8 का प्रोसेसर मिल सकता है. इस स्मार्टफोन में 12त्नक्रतक की रैम और 256GB तक की स्टोरेज दी जा सकती है.